न्यूज गैलरी

नूतन के बंगले में चोरी करने के आरोप में एक गिरफ्तार

ठाणे : मशहूर अभिनेत्री नूतन के बंगले से नल और पाइप चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। अभिनेत्री का बंगला ठाणे जिले के मुंब्रा इलाके में स्थित है। अपराध शाखा के सहायक निरीक्षक संदीप बगुल ने बताया कि तीन फरवरी को भोर के समय तीन लोगों ने वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने बंगले पर तैनात दो चौकीदारों को दबोच लिया और छत की टाइल्स हटाकर घर में दाखिल हुए। बगुल ने बताया, 'गुप्त सूचना पर सक्रियता बरतते हुए हमने संजय भंडारी को कलवा के भास्कर नगर से गिरफ्तार किया। उसने हमें बताया कि उसके साथ जीतू वाघमारे और गनपत गुलार भी शामिल थे। दोनों को गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।' मुंब्रा पुलिस ने आइपीसी की धारा 397 (जान लेने की कोशिश के साथ लूट या डकैती) के तहत मामला दर्ज किया है। सहायक निरीक्षक ने कहा कि आगे की कार्रवाई की जा रही है। (प्रेट्र)

कार्यालय पर हमला कराने वाला एसडीएम रिमांड पर

छतरपुर : मध्य प्रदेश के छतरपुर में खुद के कार्यालय पर हमला कराने के आरोपित छतरपुर एसडीएम अनिल सपकाले को शनिवार को कोर्ट ने तीन दिन की पुलिस रिमांड पर सौंप दिया। उधर, संभागीय आयुक्त आनंद शर्मा ने एसडीएम के कार्यकाल के कार्यों की जांच के निर्देश कलेक्टर को दिए हैं। कोर्ट में पेश करने के दौरान अधिवक्ताओं ने सपकाले के खिलाफ नारेबाजी की। एसडीएम की ओर से जमानत अर्जी भी लगाई गई थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। गौरतलब है कि एक कॉलेज संचालक को फंसाने के लिए पांच फरवरी को एसडीएम कार्यालय छतरपुर में सपकाले ने हमला करवाया था। हमले की साजिश में शामिल निजी यूनिवर्सिटी के चेयरमैन, पूर्व भाजपा नेता जावेद अख्तर और ड्राइवर राजू बुंदेला को पुलिस शुक्रवार को ही कोर्ट में पेश कर रिमांड पर ले चुकी है। (नईदुनिया)

एक लाख के इनामी समेत 14 नक्सलियों ने किया समर्पण

दोरनापाल : छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में शनिवार सुबह इंजरम में सीआरपीएफ 223 वाहिनी के अधिकारियों के समक्ष भेज्जी थाना क्षेत्र में सक्रिय 12 नक्सलियों ने समर्पण किया। वहीं, शाम को दोरनापाल पुलिस व सीआरपीएफ 74 वाहिनी के समक्ष एक लाख के इनामी समेत दो नक्सलियें ने समर्पण किया। समर्पण करने वाले नक्सली पुलिस जवानों पर फायरिंग, ब्लास्ट, वाहनों में लूटपाट व आगजनी जैसी बड़ी वारदात में शामिल रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोरनापाल में समर्पण करने वाले दोनों नक्सली माड़वी राजू व हेमला सुक्का लंबे वक्त से हार्डकोर नक्सली गतिविधियों में संलिप्त थे। (नईदुनिया)

मुंहतोड़ जवाब ▶ पाकिस्तान से घुसपैठ के लिए हुई गोलीबारी, भारत ने की कड़ी कार्रवाई

चार पाक चौकियां तबाह, तीन सैनिक ढेर

पुंछ में हुई पाक गोलाबारी में नायक शहीद, दो जवान भी घायल

जागरण न्यूज नेटवर्क, पुंछ

जम्मू-कश्मीर में आशंका सच साबित हुई और पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर साजिशन भारी गोलाबारी शुरू कर दी। शनिवार को पाकिस्तानी सेना ने पुंछ जिले के गुल पुर सेक्टर के देगवार में सैन्य चौकियों के अलावा करीब एक दर्जन गांवों को निशाना बनाते हुए मोर्टार दागे। इसमें एक अग्रिम चौकी पर तैनात नायक शहीद और दो अन्य जवान घायल हो गए। गोलाबारी से सीमा पर कुछ जगह आग भी लग गई है। भारत ने भी पाकिस्तान को करारा जवाब देते हुए चार चौकियां तबाह कर दी। वहीं, एक अधिकारी सहित तीन पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने की सूचना है।

शहीद नायक की पहचान राजीव सिंह शेखावत निवासी राजस्थान और घायलों की सिपाही शोयम सिंह व सिपाही आजाद सिंह के रूप में हुई है। पाकिस्तानी सेना ने शनिवार को गुलपुर सेक्टर में दोपहर बाद करीब 3:45 बजे पहले भारतीय सेना की अग्रिम चौकियों पर छोटे हथियारों से गोलाबारी शुरू की। बाद में एकाएक रिहायशी क्षेत्रों में भारी मोर्टार दागने शुरू कर दिए। इसी बीच, एक अग्रिम पोस्ट पर पाक गोलाबारी से एक सैनिक शहीद व दो अन्य जवान घायल हो गए। गोलाबारी के बीच घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। गोले जब लोगों के घरों के आसपास गिरने लगे तो भारतीय सेना ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू की। सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तानी सेना की कई चौकियां तबाह हो गई हैं। सीमा पार कई जगहों से धुंआ उठता देखा गया। इसके बाद पाकिस्तानी सेना ने कुछ समय के लिए गोलाबारी बंद की, लेकिन थोड़ी देर बाद फिर संघर्ष विराम का उल्लंघन शुरू कर दिया। पिछले करीब चार दिन से उत्तरी कश्मीर में टंगडार के सामने गुलाम कश्मीर में नीलम व लीपा घाटी में पाकिस्तान ने अपने तोपखाने की दिशा बदलने के साथ गतिविधियां भी तेज की हैं।

एलओसी पर लगी आग से बारूदी सुरंग में हो रहे विस्फोट

पुंछ के बालाकोट सेक्टर में सीमा पर पाकिस्तानी की ओर से साजिशन लगाई गई आग शनिवार को दूसरे दिन भी बुझ नहीं पाई। इस आग ने करीब तीन किलोमीटर के सीमांत क्षेत्र को अपने दायरे में ले रखा है। सेना के दमकल कर्मी और जवान आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। पाकिस्तान ने गत शुक्रवार को सीमा पर आग लगा दी थी, ताकि बारूदी सुरंग नष्ट हो जाएं और आतंकियों को सुरक्षित घुसपैठ करवाई जा सके।

हिजबुल और लश्कर के पांच आतंकी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, श्रीनगर

पुलिस ने अपने आतंकरोधी अभियान को जारी रखते हुए शनिवार को बड़गाम व बांडीपोरा में हिजबुल मुजाहिदीन और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े पांच आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार, पोस्टर और आतंकियों के लिए जाली दस्तावेजों के आधार पर बनाए गए पहचानपत्र, दो लैपटॉप और अन्य सामान भी जब्त किया है। एसपी बांडीपोरा राहुल मलिक ने बताया कि बीते कुछ दिन से हाजिन और उसके साथ सटे इलाकों में आतंकी गतिविधियों में बढ़ोतरी की खबरें आ रही थी। इस बीच, लश्कर के कुछ धमकी भरे पोस्टर भी पाए गए। इन पोस्टरों में लोगों को सुरक्षाबलों और केंद्र सरकार के खिलाफ भड़काया गया था। इन सभी मामलों का संज्ञान लेते हुए एक जांच शुरू की गई। जल्द ही हाजिन में सक्रिय लश्कर के एक दो सदस्यीय मॉड्यूल का पता चला। इन दोनों को उनके ठिकाने से पकड़ लिया गया। मलिक ने बताया कि पकड़े गए इन दोनों की पहचान इरफान अहमद बट पुत्र अब्दुल अजीज बट निवासी सईद मोहल्ला हाजिन और आसिफ अहमद पर्रे पुत्र अब्दुल खालिक पर्रे निवासी पर्रे मोहल्ला हाजिन के रूप में हुई है। आसिफ की हाजिन में दुकान है। इन दोनों के पास से आतंकियों के लिए तैयार किए गए मतदाता पहचान पत्र, फर्जी वाहन चालक लाइसेंस, सिमकार्ड, आतंकी संगठनों के पोस्टर भी मिले हैं। पुलिस ने इनके पास से दो लैपटाप व अन्य सामान भी जब्त किया है। इसी दौरान, पुलिस ने बड़गाम जिले में सक्रिय हिजबुल मुजाहिदीन के तीन आतंकियों को अलग-अलग छापों में गिरफ्तार करने का दावा किया है। इनकी पहचान आमिर शफी डार, शब्बीर अहमद गनई और मुदस्सर अहमद खान के रूप में हुई है। इन तीनों के पास से भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारुद भी मिला है। आतंकियों को पकड़ने के लिए एक विशेष दल भी बनाया गया है।

महबूबा पर अलगाववादियों संग काम करने का आरोप

राज्य ब्यूरो, श्रीनगर

महबूबा मुफ्ती। फाइल

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती के अनुच्छेद 370 पर विवादित बयान, आतंकियों के प्रति नरम रवैया और अलगाववादियों के साथ काम करने ही मुख्य रूप से जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) का आधार बना। उनकी पार्टी का झंडा और निशान भी उनके लिए पीएसए के कारणों में एक है। सिर्फ महबूबा ही नहीं पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को भी अनुच्छेद 370 और जम्मू-कश्मीर भारत विलय पर भड़काऊ बयानबाजी के लिए जरूर रंज होगा। उन पर पीएसए के लिए बनाए आधार पर उनकी बयानबाजी का जिक्र है। पांच अगस्त 2019 की तड़के एहतियातन हिरासत में लिए उमर व महबूबा को गत गुरुवार को पीएसए के तहत बंदी बनाया गया है। सूत्रों ने बताया कि महबूबा को पीएसए के तहत बंदी बनाए जाने का जो डोजियर जारी किया है उसमें अलगाववादियों पर नरम रुख और उनके साथ मिलकर काम करने की सूचनाओं व आरोपों का जिक्र है। डोजियर में अनुच्छेद 370 हटाने से पूर्व महबूबा के ट्वीट का हवाला दिया है। आतंकियों के मारे जाने के बाद उनके सम्मान और सेना पर आतंकियों के खिलाफ केमिकल हथियार इस्तेमाल करने के आरोप व तीन तलाक और देशभर में मॉब लिंचिंग पर भड़काऊ ट्वीटों का जिक्र भी डोजियर में है।

महबूबा बोली थीं - कोई तिरंगा उठाने वाला नहीं होगा : डोजियर में महबूबा द्वारा जुलाई 2019 को दिए भाषणों का भी जिक्र है। इसमें महबूबा के उस भाषण का उल्लेख किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अनुच्छेद 370 व 35ए से छेड़छाड़ करना बारूद को हाथ लगाने के बराबर होगा। जो हाथ छेड़छाड़ के लिए उठेंगे, वो हाथ ही नहीं वो सारा जिस्म जलकर राख हो जाएगा। एक अन्य भाषण में महबूबा ने कहा था कि अनुच्छेद-370 की समाप्ति पर जम्मू कश्मीर में कोई तिरंगा उठाने वाला नहीं होगा।

उमर ने कहा था- आधा है भारत में जम्मू-कश्मीर का विलय : उमर को पीएसए के तहत बंदी बनाए जाने के डोजियर में 370 हटाने के खिलाफ उनकी बयानबाजी का उल्लेख है। इसमें उनके उस बयान का भी जिक्र है जिसमें उन्होंने कहा था कि अनुच्छेद 370 समाप्त करने या इसमें बदलाव से जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय को लेकर नए सिरे से बहस छिड़ जाएगी। जम्मू-कश्मीर के भारत विलय को अर्धमिलन के उनके बयान का डोजियर में हवाला दिया गया है।

नवी मुंबई में 21 मंजिली इमारत में आग, सात घायल

ठाणे, प्रेट्र : नवी मुंबई की एक बहुमंजिली आवासीय इमारत में गैस सिलेंडर विस्फोट होने से आग भड़क उठी। 21 मंजिली इमारत में आग पर काबू पाने के दौरान अग्निशमन दस्ते के सात कर्मचारी घायल हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि पालम बीच रोड के समीप सीवुड्स स्थित सी होम अपार्टमेंट के सबसे ऊपर की दूसरी मंजिल के एक डुप्लेक्स में शनिवार सुबह गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। आग पर काबू पाने के दौरान घायल हुए सातों कर्मचारियों को नेशनल बर्न सेंटर में भर्ती कराया गया है। उनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जाती है और उन्हें सघन चिकित्सा इकाई (आइसीयू) में रखा गया है।

नवी मुंबई आपदा नियंत्रण कक्ष के प्रमुख दादासाहेब चाबुकस्वर ने कहा, 'सुबह 6:30 के आसपास डुप्लेक्स फ्लैट में सिलेंडर विस्फोट होने के बाद सबसे ऊपर के दो माले पर आग फैल गई।'

ठाणे म्यूनिसिपल कारपोरेशन के क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन सेल के प्रमुख संतोष कदम ने कहा कि आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन की छह गाड़ियां भेजी गईं। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

महाराष्ट्र के नवी मुंबई में गैस सिलिंडर में विस्फोट से 21 मंजिला इमारत में लगी आग। एएनआइ

दो गैरकानूनी एक्सचेंजों का पर्दाफाश आइएसआइ से लिंक की आशंका

नई दिल्ली, आइएएनएस : जम्मू-कश्मीर की मिलिट्री इंटेलीजेंस और मुंबई पुलिस ने संयुक्त अभियान में दो वीओआइपी (वॉइस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल) एक्सचेंज और सिम बॉक्स का पर्दाफाश किया है। इनका इस्तेमाल रक्षा कर्मियों से जानकारियां जुटाने के लिए किया गया और आशंका है कि इसमें पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ का हाथ है।

गुरुवार को उत्तर प्रदेश में नोएडा और केरल में चंगारामुकुलम में छापे मारे गए थे। सैन्य सूत्रों ने बताया कि इन छापों में दो सक्रिय सिम बॉक्स बरामद हुए। इनमें से प्रत्येक में 100 सिम कार्ड्स के स्लॉट हैं। इसके अलावा दो रूटर, तीन मॉडेम, कई एंटेना, बैटरियां और कनेक्टर बरामद हुए। इस दौरान एक व्यक्ति को चंगारामुकुलम से गिरफ्तार भी किया गया है।

दरअसल, सितंबर 2019 में रक्षा कर्मियों को संदेहास्पद नंबरों से कॉल आई थीं जिनमें अहम रक्षा प्रतिष्ठानों से जुड़ी जानकारियां मांगी गई थीं। कॉल करने वालों ने अपनी फर्जी पहचान बताई थी इसलिए इसमें आइएसआइ की संलिप्तता की आशंका जताई जा रही है। मिलिट्री इंटेलीजेंस और

- उत्तर प्रदेश के नोएडा और केरल के चंगारामुकुलम में मारे गए थे छापे, एक गिरफ्तार
- छापों में दो सक्रिय सिम बॉक्स भी बरामद किए गए

मुंबई पुलिस की आगे की जांच में उत्तर प्रदेश और केरल में गैरकानूनी वीओआइपी एक्सचेंजों का पता लगा जिनके जरिये पाकिस्तान से आने वाली कॉल्स को लोकल नंबरों पर रूट कर दिया जाता था। इनका इस्तेमाल रक्षा कर्मियों से जानकारियां जुटाने के लिए किया गया। इन एक्सचेंजों में चीन निर्मित सिम बॉक्स का इस्तेमाल किया गया जिनमें स्थानीय सेल्युलर सर्विस प्रोवाइडर्स के सिम कार्ड्स लगाए गए थे। इन सिम बॉक्स में डायनैमिक आइएमईआइ सिस्टम का भी इस्तेमाल किया गया जिसकी वजह से उन्हें ट्रैक करना कठिन हो जाता है। इसी वजह से टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) ने इसे गैरकानूनी घोषित कर रखा है। अभी तक की जांच में पता चला है कि इन दोनों एक्सचेंजों की वजह से देश के टेलीकॉम विभाग को भी करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है।

बांडीपोरा से लापता हुए चारों किशोर पुलिस ने तलाश निकाले

राज्य ब्यूरो, श्रीनगर : परिवारवालों को बिना बताए लापता हुए चार किशोरों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही तलाश कर लिया। ये सभी उत्तरी कश्मीर के बांडीपोरा से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गए थे। पुलिस ने इन सभी को पकड़ने के बाद जरूरी कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर शनिवार को उनके अभिभावकों को सौंप दिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार को बांडीपोरा के कलूसा इलाके से ये चारों किशोर लापता हो गए थे। इनमें 13 वर्षीय कामरान फैयाज पुत्र फैयाज अहमद, 14 वर्षीय आमिर मुश्ताक पुत्र मुश्ताक अहमद बेग, 14 वर्षीय फैयाज खान पुत्र मोहम्मद मकबूल खान और 16 वर्षीय आबिद सुलेमानी पुत्र मोहम्मद कलवा शामिल हैं। आबिद सुलेमानी मूलतः उत्तर प्रदेश में बिजनौर का रहने वाला है और बीते कुछ समय से कलूसा में ही रह रहा था। पुलिस ने बताया कि जल्द ही पता चल गया कि यह चारों लड़के जवाहर सुरंग पार कर गए हैं और जम्मू की तरफ जा रहे हैं। इसके बाद ऊधमपुर में इन सभी को पकड़ लिया गया। सभी घूमने निकले थे।

जंगल में 20 घंटे तलाशी के बाद पंजाब हरियाणा के पांच बदमाश गिरफ्तार

नईदुनिया, बड़वानी

मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले में उमटी क्षेत्र से अवैध हथियार खरीदकर लौट रहे पंजाब व हरियाणा के पांच बदमाशों को 20 घंटे की तलाशी के बाद पुलिस ने जंगल से गिरफ्तार कर लिया। ये बदमाश गुरुवार को बड़वानी के समीप आगरा-मुंबई रोड पर जामली गांव के टोल प्लाजा पर पुलिस को देख कार छोड़कर भाग निकले थे। एक बदमाश को गुरुवार और चार को शुक्रवार को ग्राम मातमूर-मोहीपुरा के जंगल से गिरफ्तार किया गया। इनसे एक विदेशी व सात देशी पिस्टल, 27 कारतूस व कार जब्त की गई है।

चारों बदमाशों ने भागने के दौरान शुक्रवार सुबह नागलवाड़ी में एक पुलिस आरक्षक की बाइक व मोबाइल भी लूटा था। पांचों बदमाशों पर पंजाब-हरियाणा में हत्या, लूट आदि के प्रकरण दर्ज हैं। बड़वानी के एसपी डीआर तेनीवार ने शनिवार को पूरे मामले की जानकारी दी। एसपी ने बताया कि गुरुवार को सूचना मिली थी कि उमटी क्षेत्र से हथियार खरीदकर कुछ बदमाश कार (एचआर 10-टी 8007) से इंदौर की ओर जा रहे हैं। एबी रोड पर जामली में पुलिस बल लगाया गया। पुलिस को देख पांचों बदमाश कार छोड़कर फरार हो गए थे। इनमें से जबरजनसिंह को उसी दिन सेंधवा ग्रामीण पुलिस ने पिस्टल व तीन कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया था। शेष चार जंगल की ओर भागने में सफल हो गए थे।

पूछताछ की तो आरक्षक को लूटा

रातभर खेत-जंगलों में भटकते चार बदमाश शुक्रवार तड़के नागलवाड़ी पहुंचे। यहां गश्त कर बाइक से लौट रहे आरक्षक गब्बरसिंह अवासे ने उन्हें रोककर पुछताछ की तो उससे मारपीट कर उनकी बाइक व मोबाइल लूट कर आरोपित मातमूर-मोहीपुरा के जंगल की ओर भाग गए। इस पर पुलिस ने छह टीमें बनाकर संभावित जंगल क्षेत्र की घेराबंदी की और चारों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।

डोंगल से नेट चलाकर कर रहे थे वाट्सएप कॉलिंग : पकड़े गए बदमाश इतने शातिर हैं कि वे एक-दूसरे से बात करने के लिए डोंगल (राउटर) के माध्यम से इंटरनेट चला कर वाट्सएप कॉलिंग का उपयोग करते थे, ताकि कॉल डिटेल में उनके नंबर ट्रेस न हो सकें। पुलिस ने एक डोंगल भी जब्त किया है।

ये बदमाश दबोचे गए

- प्रदीप पुत्र पवन शर्मा (23), निवासी शिवपुरी कालोनी जींद सदर, जिला जिंद (हरियाणा)
- पवन उर्फ पुनिया उर्फ पोपन पुत्र तारीख (25), निवासी नरवाना जींद (हरियाणा)
- भगवानसिंह पुत्र जसवंतसिंह जाट (23) निवासी लदाउ थाना लेहरादागा जिला संगरूर (पंजाब)
- लखबीरसिंह पुत्र पोलासिंह सरदार (26)निवासी बरनाला (पंजाब) को गिरफ्तार किया।
- जबरजनसिंह पुत्र सुखबीरसिंह (28), निवासी अलीपुर बस्ती मोगा सिटी जिला मोगा (पंजाब)

उत्तराखंड में भूकंप के झटके, बागेश्वर में दो घायल, दो मकान क्षतिग्रस्त

जागरण संवाददाता, बागेश्वर : उत्तराखंड में शनिवार सुबह कुमाऊं में भूकंप के झटके महसूस हुए। सुबह 6:31 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.7 मैग्नीट्यूड मापी गई है। भूकंप का केंद्र बागेश्वर जिले के कपकोट तहसील का गोगिना क्षेत्र था। बागेश्वर में अधिक प्रभाव होने से दो मकान क्षतिग्रस्त हो गए और दो लोग घायल हुए। कपकोट क्षेत्र में कई घरों में दरारें पड़ गई हैं। झटके से लोग घरों से बाहर निकल आए और अफरातफरी का माहौल रहा। पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, भीमताल में भूकंप के झटके महसूस हुए।

असम तथा बंगाल में भूकंप के झटके: गुवाहाटी, प्रेट्र: असम और उसके आसपास के इलाकों में शनिवार शाम भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। पुलिस ने कहा कि कहीं से भी किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान पहुंचने की सूचना नहीं मिली है। यूएसजीएस के अनुसार बोगईगांव जिले में अभयापुर से 16 किलोमीटर पूर्व में भूकंप का केंद्र स्थित था। बंगाल में जलपाइगुड़ी, कूचबिहार और अलीपुरद्वार समेत उत्तर के कुछ जिलों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए।

निवेशक सम्मेलन को मिले 50 करोड़ रुपये

राज्य ब्यूरो, श्रीनगर

केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर राज्य में आयोजित होने वाले अपनी तरह के पहले वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन के लिए केंद्र सरकार और राज्य प्रशासन कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। सम्मेलन के प्रचार-प्रसार, आने वाले मेहमानों की आवासीय सुविधा व यात्रा के लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप देने के केंद्र सरकार ने 50 करोड़ रुपये भी उपलब्ध करा दिए हैं। यह सम्मेलन राज्य के समग्र आर्थिक परिदृश्य को मजबूत बनाने के इरादे से आयोजित किया जा रहा है। इसे पूरी तरह सफल बनाने और दुनियाभर के निवेशकों को आकर्षित करने के लिए प्रशासन हर संभव उपाय कर रहा है।

सम्मेलन अप्रैल के तीसरे या अंतिम सप्ताह में होगा। इसका उद्घाटन सत्र ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर स्थित एसकेआइसीसी में और समापन शरदकालीन राजधानी जम्मू में होगा। सम्मेलन का आदर्श वाक्य और थीम- एक्सप्लोर, इनवेस्ट एंड ग्रो है। इसके जरिए दुनियाभर के नामी निवेशकों, उद्योगपतियों को एक ही मंच पर जमा कर उन्हें केंद्र शासित जम्मू कश्मीर में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए तैयार करना है। जम्मू-कश्मीर ट्रेड प्रोमोशन आर्गेनाइजेशन (जेकेटीपीओ) के प्रबंध निदेशक रविंद्र कुमार ने बताया कि वैश्विक शिखर सम्मेलन बीते 70 सालों में जम्मू-कश्मीर में होने वाला अपनी तरह का पहला सम्मेलन है। यह राज्य के आर्थिक परिदृश्य को पूरी तरह बदल देगा। इसकी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देने साथ ही हम इसकी तिथि का एलान करेंगे। फिलहाल, इसमें बुलाए जाने वाले मेहमानों की सूची बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज को इस आयोजन के लिए राष्ट्रीय भागीदार बनाया गया है। वहीं, अर्नेस्ट यंग, प्राइसवाटरहाउस कूपर्स और एक्सप्रो को नॉलेज, मीडिया व इंवेट भागीदार के तौर पर शामिल किया गया है। जेकेटीपीओ इस पूरे आयोजन के लिए नोडल एजेंसी के रूप में काम कर रही है।

सम्मेलन में क्या-क्या होगा : सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर अलग-अलग सत्र होंगे। इसके अलावा टेक्नीकल प्रेजेंटेशन, राउंड टेबल चर्चा, भागीदारी में विभिन्न उपक्रम स्थापित करने जैसे विषयों पर भी कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा विभिन्न निवेशकों, उद्योगपतियों और स्थानीय हितधारकों के बीच वन-टू-वन इंटरेक्शन और एमओयू भी तय किए जाएंगे।

जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों की सैर करेंगे मेहमान

शिखर सम्मेलन में शामिल होने वाले मेहमानों को कश्मीर घाटी और जम्मू के विभिन्न हिस्सों की भी सैर कराई जाएगी। डल झील किनारे स्थित कई होटलों में उनके ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। सम्मेलन के दौरान श्रीनगर में सुरक्षा का कड़ा बंदोबस्त रहेगा ताकि आतंकी किसी भी तरह से गड़बड़ी कर माहौल न बिगाड़ सकें।

नई इकाइयों के लिए 20 हजार कनाल भूमि चिह्नित

करीब 20 हजार कनाल जमीन को नई औद्योगिक इकाइयों और निवेश के लिए पूरे केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर राज्य में चिह्नित किया गया है। इस सम्मेलन में निर्माण, आइटी, पर्यटन, हास्पिटैलिटी, पर्यटन, दवा, बागवानी, कृषि, फिल्म-मनोरंजन, डेयरी, ऊन व रेशम उत्पादन, दस्तकारी, कौशल विकास, अवसंचना और रियल इस्टेट व शिक्षा जैसे क्षेत्रों में निवेश को जुटाने का प्रयास किया जाएगा।

आयोजन

मेघालय के शंकर मान थापा ने जीती मैराथन, केन्या के साइमन दूसरे और छत्तीसगढ़ के रामनारायण रहे तीसरे स्थान पर, महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश की डिंपल दूसरे और रेनू तीसरे स्थान पर रहीं

शांति का पैगाम लेकर नक्सलगढ़ में दौड़े देश-विदेश के धावक

नईदुनिया, नारायणपुर

छत्तीसगढ़ में बस्तर ने शनिवार को दुनिया को एक बार फिर दिखा दिया कि लाल आतंक के खौफ से अब वह उबर गया है। शांति का पैगाम देने के लिए धुर नक्सल प्रभावित अबूझमाड़ में पीस हॉफ मैराथन का आयोजन किया गया, जिसमें देश-विदेश के सैकड़ों धावकों ने दौड़ लगाई। पुरुष वर्ग में मेघालय के शंकर मान थापा ने एक घंटा दो मिनट में 21 किलोमीटर की दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में केन्या की एलीसा एक घंटा 11 मिनट 22 सेकंड में दौड़ पूरी कर अव्वल रहीं। विजेताओं को नगद राशि और मेडल से पुरस्कृत किया गया।

कई दिनों पूर्व से इस आयोजन की तैयारी चल रही थी। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सड़क के दोनों किनारों पर बड़ी संख्या में खेलप्रेमी जुटे हुए थे। पुरुष वर्ग में केन्या के साइमन ने एक घंटा पांच मिनट 20 सेकंड के साथ दूसरा स्थान पाया।

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में नक्सल प्रभावित अबूझमाड़ में शांति का संदेश देने के लिए हाफ मैराथन का आयोजन हुआ। दौड़ में पुरुष वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले (बाएं से क्रमश) मेघालय के शंकर थापा, अफ्रीकी देश केन्या के साइमन और छत्तीसगढ़ के रामनारायण। नई दुनिया

दल्लीराजहरा (छत्तीसगढ़) के रामनारायण एक घंटा आठ मिनट सात सेकंड में दौड़ पूरी कर तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में दूसरे स्थान पर उत्तर प्रदेश के लखनऊ की डिंपल रहीं। तीसरा स्थान उत्तर प्रदेश की ही रेनू ने प्राप्त किया। इन्होंने दौड़ एक घंटा 17 मिनट में पूरी की। पहले स्थान के विजेताओं को मेडल और एक लाख 61 हजार रुपये की नकद राशि से नवाजा गया। द्वितीय स्थान आने वाले को 61 हजार रुपये और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को 31 हजार रुपये की नकद राशि और मेडल से पुरस्कृत किया गया। मैराथन में प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही नारायणपुर जिले और ओरछा विकासखंड के 10 पुरुष और 10 महिलाओं को भी मेडल और 10-10 हजार रुपये की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।

इस मैराथन दौड़ के लिए छत्तीसगढ़ समेत देश के विभिन्न राज्यों और केन्या के छह लोगों सहित 11 हजार से अधिक धावकों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया था। दौड़ सुबह सात बजे जिला मुख्यालय के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान से शुरू हुई। विधायक चंदन कश्यम ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ शुरू कराई। कलेक्टर पीएस एल्मा ने अतिथियों का स्वागत किया और मैराथन आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

हवाला प्रकरण में मेरठ क्राइम ब्रांच ने की छापेमारी

जागरण संवाददाता, सहारनपुर

मेरठ पुलिस ने पांच दिन पहले दो आरोपितों को गिरफ्तार कर हवाला के 23 लाख रुपये बरामद किए थे। दोनों से मिली जानकारी के आधार पर शनिवार को मेरठ क्राइम ब्रांच और सदर बाजार पुलिस ने दो आरोपितों की तलाश में देवबंद क्षेत्र के एक गांव व नगर के कई मोहल्लों में छापेमारी की। क्राइम ब्रांच ने एक गांव से तीन लोगों को हिरासत में लिया है। मेरठ सदर बाजार पुलिस ने पांच दिन पहले बेगमपुल स्थित यूनियन बैंक के सामने से सहारनपुर के बड़गांव थाना क्षेत्र के अंबहेटा मोहन गांव निवासी सोहेल और मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के फतेहउल्लापुर के दिलनवाज को गिरफ्तार किया था। इनसे 23 लाख रुपये मिले थे। आरोपितों ने पूछताछ में बताया था कि देवबंद क्षेत्र के एक गांव निवासी उनके दोस्त उस्मान के बड़े भाई बासित ने उन्हें हवाला की रकम खातों में ट्रांसफर कराने के लिए 15 हजार रुपये महीने में नौकरी पर रखा था। वहीं, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), एटीएस और आयकर विभाग की टीम भी जांच में लगी हुई है। शनिवार को मेरठ रेंज के आइजी प्रवीण कुमार के आदेश पर क्राइम ब्रांच और मेरठ सदर थाने की पुलिस ने देवबंद नगर के रेलवे रोड, शास्त्री चौक व सराय मोहल्ला समेत क्षेत्र के एक गांव में छापेमारी की। दोनों आरोपित घर पर नहीं मिले तो पुलिस ने पूछताछ के लिए तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। शनिवार को मेरठ आयकर विभाग की एक टीम भी देवबंद पहुंची। टीम ने रेलवे रोड स्थित एक बैंक में कुछ खातों के संबंध में जानकारी जुटाई। एक अधिकारी ने बताया कि खातों में ट्रांसफर की गई राशि के संबंध में कुछ जानकारी मिली है।